सबके हाथ में दिखाई देता है।

अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

प्रश्न 1. केरल प्रदेश की जलवायु और वनस्पति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

उत्तर–केरल प्रदेश की जलवायु ऊष्ण-आर्द्र मानसूनी प्रकार की है। यहाँ औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी या इससे अधिक होती है। यहाँ ग्रीष्म ऋतु में औसत तापमान 32° C तथा शीत ऋतु में 23° C रहता है। वार्षिक तापान्तर 2° C से 5° C तक रहता है।

वनस्पति के क्षेत्र में देखा जाए तो राज्य का 1/4 भाग वनों से ढँका है। यहाँ सदाबहार वन पाये जाते हैं। सागवान, चन्दन, सुपारी, नारियल, रबर, बाँस प्रमुख वनस्पतियाँ हैं। यहाँ केले भी खूब होते हैं।

प्रश्न 2. पी० वेल्लू सुंदरम् ने केरल की किन-किन विशेषताओं का जिक्र किया ?

उत्तर–पी० वेल्लू सुन्दरम् ने केरल की विभिन्न विशेषताओं का जिक्र किया है। सबसे पहले इन्होंने केरल की अवस्थिति का जिक्र किया। उन्होंने प्राकृतिक तथा भौतिक विशेषताएँ बताईं। अधिकतम तथा न्यूनतम ताप को बताया है और उसके बाद वर्षा की मात्रा का वर्णन किया है। वन, वनस्पति तथा वन्य जीवों की चर्चा की। लोगों के आर्थिक जीवन के साथ खान-पान तथा पहनावे की बात बताई। जो खनिज मिलते हैं उनके नाम बताएँ। उन्होंने आवागमन के साधनों की विशेषता बताई।

प्रश्न 3. केरल मसालों का प्रदेश है। कैसे ?

उत्तर–केरल में अनेक तरह के मशाले उपजाये जाते हैं। काली मिर्च, इलायची, गरम मसाले, जैसे जावत्री, दालचीनी, कबाब चीनी आदि खूब होते हैं। इसी कारण केरल को मसालों का प्रदेश कहते हैं।

प्रश्न 4. लोग पर्यटन के लिये केरल जाना क्यों पसंद करते हैं ?

उत्तर–लोग पर्यटन के लिये केरल जाना इसलिए पसन्द करते हैं, क्योंकि यहाँ नौका दौड़ का आयोजन होता है। कत्थकली यहाँ का विश्व प्रसिद्ध नृत्य नाटिका है। मोहनी अट्टम यहाँ का प्रसिद्ध नृत्य है। मार्शल आर्ट के रूप में कलारीपयट्ट शैली है। मलखम्भ यहाँ का प्रसिद्ध खेल है। सबरीमाला एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। इन्हीं सब आकर्षणों से पर्यटक यहाँ खींचे चले आते हैं। यहाँ कश्मीर की तरह हाउस वोट मिलते हैं। विदेशी पर्यटक इन्हीं में रहना पसन्द करते हैं। वे विलासिता युक्त नौकाओं में भ्रमण करना विशेष पसंद करते हैं। यहाँ के लोग सेवा भाव से पूर्ण होते हैं। अतः पर्यटकों को कोई परेशानी नहीं होती।

प्रश्न 5. अपने मुहल्ले के दुकानदार से मसालों की आपूर्ति के स्रोत का वर्णन करें।

उत्तर–हमने अपने मुहल्ले के दुकानदार से मसालों की आपूर्ति के स्रोत का पता किया। उन्होंने बताया कि हम तो थोक मंडी से मसाले लाते हैं। लेकिन वे लोग प्रायः दक्षिण भारत के राज्यों, खासकर केरल से ट्रकों द्वारा मसाले मँगवाते हैं।

प्रश्न 6. केरल के खान-पान बनाने में किन खाद्य पदार्थों की जरूरत होगी ? सूची बनाइए ।

उत्तर—केरल के खान-पान बनाने में निम्नलिखित खाद्य पदार्थों की जरूरत होगी :

चावल, मिर्च मसाला, नमक, आलू, नारियल, नारियल का तेल आदि ।

प्रश्न 7. बिहार और केरल के पहनावा में क्या-क्या अंतर है ?

उत्तर—बिहार की महिलाएँ साड़ी, पेटीकोट तथा ब्लाऊज पहनती हैं तो केरल की महिलाएँ भी यही पहनती है । बिहार में पुरुष धोती, कुरता, गंजी, गमछा का व्यवहार करते हैं, लेकिन केरल के पुरुष हाफ कमीज और लुंगी पहनते हैं । लुंगी तो बिहार के लोग भी पहनते हैं, लेकिन तब जब वे घर पर रहते हैं या रात में । बिहार में पायजामा कुरता का विशेष चलन हो गया है । फुलपैंट-शर्ट दोनों राज्यों के लोग पहनते हैं ।

प्रश्न 8. केरल के नौका दौड़ का आयोजन अपने राज्य में करने के लिये आप क्या करेंगे ?

उत्तर—बिहार में केरल जैसा नौका दौड़ करने के लिए हमें किसी सीधी बहती नदी का चुनाव करना होगा । नौका चालकों को ट्रेंड करना होगा । तभी हम केरल जैसा नौका दौड़ का आयोजन कर सकते हैं ।

प्रश्न 9. केरल व बिहार के भोजन में कौन-सा खाद्यान्न समान है ?

उत्तर—केरल व बिहार के भोजन में चावल समान है ।

प्रश्न 10. राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में पता कीजिए ।

उत्तर—छात्र स्वयं करें ।

प्रश्न—सही मिलान करें :

मलखंभ	एक प्रकार की भाषा
पश्चिमी घाट	एक प्रकार की चिकित्सा पद्धति
केरली मसाज	एक प्रकार का खाद्य पदार्थ
उत्पम	एक खेल
मलयालम	नीलगिरि की पहाड़ियाँ

उत्तर— मलखंभ एक खेल

उत्तर– मलखंभ	एक खेल
पश्चिमी घाट	नीलगिरि की पहाड़ियाँ
केरली मसाज	एक प्रकार की चिकित्सा पद्धति
उत्पम	एक प्रकार का खाद्य पदार्थ
मलयालम	एक प्रकार की भाषा

प्रश्न 11. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाएँ :

(i) केरल प्रदेश की जलवायु है :

(क) उष्ण (ख) शीतोष्ण

(ग) समशीतोष्ण

(ii) केरल में नहीं उपजाया जाता है :

(क) कहवा (ख) काजू

(ग) जूट (घ) इलायची

(iii) साइलेंट वैली स्थित है :

(क) पूर्वी घाट में (ख) पश्चिमी घाट में

(ग) यू० एन० ओ० में

(iv) केरल में सबरीमाला क्या है ?

(क) तीर्थ स्थान (ख) पर्यटन स्थल

(ग) नौका दौड़ (घ) एक प्रकार का नृत्य

उत्तर–**(i)**—(क), **(ii)**—(ग), **(iii)**—(ख), **(iv)**—(क)।